लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 2003

11 मार्च, 2025 को उत्तर दिए जाने के लिए

उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजना

2003. श्री ससिकांत सेंथिल:

क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) नियोजित विस्तार के निलंबन और अति सुस्त संवितरण के विशेष संदर्भ में वस्त्र क्षेत्र के लिए उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजना को कार्यान्वित करने में विलंब को बढ़ाने वाले विशिष्ट कारण क्या हैं; और

(ख) सरकार का पहले से ही 300 करोड़ रुपये का निवेश करने और 2024-25 तक 600 करोड़ रुपये का न्यूनतम कारोबार प्राप्त करने के लिए प्रतिबद्ध कंपनियों पर इस विलंब के संभावित प्रभाव का किस प्रकार समाधान करने का विचार है?

उत्तर

वस्त्र मंत्री

(श्री गिरिराज सिंह)

(क): जी, नहीं। वस्त्र के लिए पीएलआई योजना वित्त वर्ष 2022-23 से वित्त वर्ष 2023-24 तक जेस्टेशन अवधि में थी। वित्त वर्ष 2024-25 इस योजना के तहत पहला निष्पादन वर्ष है और वित्त वर्ष 2025-26 पहला प्रोत्साहन दावा वर्ष होगा। मंत्रालय पीएलआई भागीदारों के लिए सुचारू कार्यान्वयन और व्यापार करने में आसानी सुनिश्चित करने के लिए आवश्यकतानुसार विभिन्न संबंधित मंत्रालयों/विभागों, राज्य सरकारों आदि के साथ नियमित रूप से समन्वय करता है। मंत्रालय प्रश्नों का समाधान करने और कंपनियों द्वारा सामना किए जा रहे किसी भी मुद्दे को हल करने के लिए पीएलआई प्रतिभागियों के साथ सक्रिय रूप से जुड़ रहा है।

(ख): प्रश्न नहीं उठता।

***